1914 से विश्वास का प्रतीक
बिहार राज्य सहकारी बैंक लि०
The Bihar State Co-operative Bank Ltd.
ASHOK RAJPATH, PATNA - 800 004
Phone : 0612-3298351, 3298350, 3298024, EPBX, 2300364, 2300324
Fax : 2300262, 2300662 Telegram : "APEXCOBANK" PATNA

# सहायक प्रबंधक की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

## सूचना पुस्तिका - चरण II

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपकी इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | परीक्षा का माध्यम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक (भारांक) | सम्मिश्र समय |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | तर्कशक्ति | हिन्दी/अंग्रेजी | 40 | 40 | |
| (2) | संख्यात्मक अभियोग्यता | हिन्दी/अंग्रेजी | 40 | 40 | |
| (3) | सामान्य सचेतता | हिन्दी/अंग्रेजी | 40 | 40 | |
| 4(a) | अंग्रेजी भाषा | अंग्रेजी | 40 | 40 | 2 घटे |
| 4(b) | हिन्दी भाषा | हिन्दी | 40 | 40 | |
| (5) | कंप्यूटर ज्ञान | हिन्दी/अंग्रेजी | 40 | 40 | |
| | **कुल** | | **200** | **200** | |

**उम्मीदवार अंग्रेजी भाषा अथवा हिन्दी भाषा में से केवल कोई एक चुन सकते है ।**

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 160 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा **और** हिन्दी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । **आप किसी भी समय किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं ।** सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे** 'माउस क्लिक' **करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ÿ&*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## प्रश्नावली I : तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न में से प्रत्येक प्रश्न में अक्षरों के कुछ समूह अथवा शब्द दिये गये हैं । पांच में से चार में कुछ न कुछ समानता है परंतु पांचवा उन चारों से भिन्न है । जो सबसे अलग है आपको उसका पता लगाना है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) पीला (5) रंग

उक्त पांचों में 'काला', 'लाल' 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि ये रंगों के नाम हैं । 'रंग' किसी रंग का नाम नहीं हैं, अतः आपका उत्तर है (5) ।

अब निम्नलिखित प्रश्न को हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.2.** (1) XZ (2) MN (3) PQ (4) BC (5) ST

निम्नलिखित प्रश्न सादृश्य पर आधारित है ।

**प्र.3.** जो संबंध "पैर" का मनुष्य से है वही "खुर" का किससे है ?
(1) पैर (2) घोड़ा (3) कुत्ता (4) लड़का (5) जूता

**प्र.4.** 'दिन' का 'रात' से वही संबंध है जो 'दयालु' का ______ से है ।
(1) क्रूर (2) चमकदार (3) काली (4) उदार (5) कृतज्ञ

**प्र.5.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है । यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि ऐसा कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.6.** कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

## प्रश्नावली II : संख्यात्मक अभियोग्यता

इस परीक्षा के माध्यम से संख्या संबंधी गणनाओं आदि में आपकी गति एवम् सटीकता की जाँच की जाएगी ।

**निर्देश** : निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी । उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिह्न (?) लगा दिया गया है । आपको यह बताना है कि प्रश्न चिह्न के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी । यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' ।

**प्र.7.** 42 + 73 + 137 = ?
(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.8.** 20 × = ?
(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) 20 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्रश्न क्र. 8 का सही उत्तर है 10 परंतु 1, 2, 3 या 4 में से कोई भी उत्तर ठीक नहीं है । इसलिए आपका उत्तर 5 होगा ।

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्क की आवश्यकता होगी । उदाहरण के लिए :

**प्र.9.** 10 रूपये प्रति सेब के भाव से 6 सेबों की कीमत कितने रुपये होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 61 (5) 610

**प्र.10.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सही गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.11.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है तो पैन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- ` (2) 5/- ` (3) 10/- ` (4) 20/- ` (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## प्रश्नावली III : सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली आपकी विगत एवं वर्तमान घटनाओं, सामाजिक वित्तीय विकास के साथ साथ बैंकिंग उद्योग में घटित घटनाओं के बारे में सचेतता के मापन के लिये है ।

**प्र.12.** निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने बैंको के लिए **अपने ग्राहक को जानों** (Know Your Customer) दिशानिर्देश शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.13.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊजा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.14.** निम्न में से किस राष्ट्रीयकृत बैंक का मुख्यालय महाराष्ट्र राज्य में स्थित नहीं है ?
(1) देना बैंक (2) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (3) बैंक ऑफ इंडिया
(4) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (5) युनाइटिड बैंक ऑफ इंडिया

**प्र.15.** निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का प्रधानमंत्री है ?
(1) डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (2) श्री नरेंद्र मोदी (3) श्रीमती सोनिया गांधी
(4) श्री अटल बिहारी बाजपेयी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## प्रश्नावली (a) : अंग्रेजी भाषा

इस परीक्षा का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी । नीचे कुछ नमूना प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में कई अन्य प्रकार के प्रश्न भी हो सकते हैं ।

**Directions :** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

**प्र.16.** He quickly glanced ............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर जिसकी उत्तर संख्या '2' है ।

**प्र.17.** The counsel urged the court to .......................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.18.** The local official .......................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**Directions :** Read each sentence given below to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is '5'.

(Ignore errors of punctuations, if any)

**प्र.19.** I am twenty / two years old / when I first / joined the bank. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

अशुद्धि (1) में है । अतः उत्तर '1' है ।

**प्र.20.** To the Hindus / the Ganga is / holier than / any other river. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

इस वाक्य में कोई अशुद्ध नहीं है, इसलिए ठीक उत्तर '5' है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न को हल कीजिए

**प्र.21.** Of all the teachers / in our school / our class teacher / were very strict. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

**Directions :** In each of the following questions select from amongst the five alternatives, the word **nearest in meaning** of the word given in capitals.

**प्र.22.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.23.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**Directions :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word **most opposite** in meaning of the word given in capitals.

**प्र.24.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**प्र.25.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

उपर्युक्त प्रश्नों के अलावा अंग्रेजी में एक अनुच्छेद भी दिया जाएगा; जिससे आपकी बोधगम्यता को परखने का प्रयास किया जाएगा। आपको उस अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।

## प्रश्नावली IV (b) - हिन्दी भाषा

इस प्रश्नावली में हिंदी भाषा में प्रवीणता, शब्दभंडार, वाक्यरचना, शब्दप्रयोग, समानार्थक, विपरीतार्थी शब्द, अनेकार्थी शब्द, वर्तनी त्रुटि, लोकोक्तियां, मुहावरें आदि से सबंधी प्रश्न होंगे ।

**प्र.26-38.** **नीचे** दिये गये प्रश्नों मे से हरेक में एक वाक्य दिया गया है जिसे (1), (2), (3) और (4) भागों में बांटा गया है । वाक्य को पढ कर ज्ञात कीजिये कि वाक्य में शब्दों के गलत प्रयोग, वर्तनी या व्याकरण की कोई त्रुटि तो नहीं है । त्रुटि अगर होगी तो वाक्य के किसी एक ही भाग मे होगी । इस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । अगर वाक्य त्रुटिहीन है तो उत्तर (5) दीजिये अर्थात त्रुटि नहीं ।

**प्र.26.** चालीस लडकों का एक मिला जुला / ठहाका उठा था और / कक्षा की छत पे टकरा कर /
(1) (2) (3)
सब का सब एकदम मेरे भीतर उतर गया था / त्रुटि नहीं
(4) (5)

उत्तर (3)

**प्र.27.** सेठ पुरूषोत्तम दास पूना की सरस्वती पाठशाला / का मुआयना करने के बाद में /
(1) (2)
बाहर निकले तो एक लड़की ने / दौड कर उनका दामन पकड़ लिया / त्रुटि नहीं
(3) (4) (5)

उत्तर (2)

**प्र.28.** वह झपट कर कुरसी से उठी / और बड़े वेग से कई कमरो / और बरामदो को पार करती /
(1) (2) (3)
मैनेजर के सामने को आकर खड़ी हो गई / त्रुटि नहीं
(4) (5)

उत्तर (4)

**प्र.29-30.** **नीचे** दिए गए प्रश्नों में से एक शब्द समूह या वाक्यांश दिया गया है और फिर उसके बाद पाँच ऐसे शब्द सुझाए गए है जो कि इस पूरे वाक्यांश या शब्द समूह का अर्थ एक शब्द में स्पष्ट कर देते है । आपको वह शब्द ज्ञात कर उसको उत्तर के क्रम मे दर्शाना है ।

**प्र.29.** जिसका कभी नाश न हो
(1) अपनाश (2) निरामिष (3) अटल (4) अविनाशी (5) सर्व व्यापक

**प्र.30.** कम बोलने वाला
(1) मिठबोला (2) समदर्शी (3) मृदुभाषी (4) संयमित (5) मितभाषी

उपयुक्त प्रश्नों के अलावा हिंदी में एक अनुच्छेद भी दिया जाएगा । आपको उस अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।

## प्रश्नावली V : कंप्यूटर ज्ञान

यह प्रश्नावली आपके कंप्यूटर ज्ञान के मापन के लिये है ।

**प्र.31.** ------ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।
(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) मानीटर (4) की बोर्ड (5) CD

**प्र.32.** RAM का पूरा रुप क्या है ?
(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory
(3) Random Access Memory (4) Random Access Mouse
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.33.** असंगत का चयन कीजिए ।
(1) मॉनिटर (2) कुंजी पटल (3) फ्लापी ड्राइव (4) विन्डोज (5) हार्डडिस्क ड्राइव

**प्र.34.** निम्नलिखित में से कौनसी एक लोकप्रिय कंप्यूटर भाषा है ?
(1) A + (2) BA + (3) C ++ (4) CA + (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ और तरह के प्रश्न भी होंगे ।

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो Ÿ&**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली(याँ) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं ।

 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है ।

 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं ।

 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है ।

 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

 प्रश्न "समीक्षा के लिए चिह्नित" की जांच नहीं की जाएगी, इसलिए अंक आवंटित नहीं किए जाएंगे ।

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'>** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्क्ड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे । प्रश्नावली के नाम पर क्लिक करके आप संबंधित प्रश्नावली के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी ।

(15) आप अगली प्रश्नावली के प्रश्नों पर तब तक नहीं जा सकते जब तक उत्तर की जा रही प्रश्नावली के लिए आबंटित समय समाप्त नहीं हो जाता।

(16) प्रश्नावली के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए प्रश्नावली के नाम पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) किसी प्रश्नावली के लिए निर्धारित समय के दौरान आप केवल उस प्रश्नावली के प्रश्नों के बीच ही शफल कर पाएंगे।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार बैंक द्वारा निर्णीत अवधि के लिए पारीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) पूरी अवधी की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने ‹सबमिट› बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और बैंक प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस प्रवेश-पत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी साथ लाएं - यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं-_ पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र। पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा ।

(7) बायोमीट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान और फोटोग्राफ) परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले एवं बाद में लिया जायेगा । इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो फ़िंगर प्रिंट (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें ।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों की नकल की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाए जाने वाले उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ बोर्ड उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(10) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा,जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है । उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे बैंक की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

**याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :**

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) **मूल प्रति** प्रवेश पत्र जिस पर फोटो चिपका हुआ हो और फोटो ID कार्ड जैसे कि 6 बिंदु में निर्धारित किया गया है ।

(2) एक बाल पाइंट पेन ।

**आपको शुभकामनाएं**